## एक नजर में

### लक्ष्मीकांत मंदिर से निकलेगी गेर

**सुठालिया 07 मार्च, सं.** रंगपंचमी के अवसर पर आज नगर परंपरानुसार विशाल गेर का आयाजन रखा गया है. जानकारी के अनुसार परलापुरा स्थित लक्ष्मीकांत मंदिर से प्रात: 9 बजे ढोल ढमाके, गाजे-बाजे के साथ गेर शुरु होगी. फायर ब्रिगेड से रंगो की बौछार छोड़ी जाएगी. श्रीराम मंदिर, सदर बाजार, गांधी चौक से होते हुए गेर बस स्टेण्ड पहुंचेगी जहां गेर का समापन होगा.

### रंगपंचमी पर पारंपरिक गेर आज

**ब्यावरा 07 मार्च, का.** रंगपंचमी पर आज नगर में हिंदू उत्सव समिति के द्वारा पारंपरिक गेर का भव्य आयोजन किया जाएगा. आज सुबह 9 बजे मातामंड मोहल्ले स्थित शीतला माता मंदिर से पूजा-अर्चना के साथ गेर प्रारंभ होगी, जो सुठालिया रोड, मेन मार्केट, सुभाष चौक, जगात चौक, एसडीएम निवास, पुराना ए.बी.रोड, पीपल चौराहा से होते हुए चिंताहरण हनुमान मंदिर पहुंचेगी जहां महाआरती के भव्य आयोजन के साथ गेर का समापन होगा. गेर के संयोजक गिरिराज शर्मा होंगे, जबकि रामेश्वर सोनी और सुनील जाटव सह-संयोजक की जिम्मेदारी निभाएंगे. नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में आज होने वाले गेर के आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया गया है.

### कमलेश साहू बने नगर अध्यक्ष

**राजगढ़ 07 मार्च, का.** राजगढ़ साहू समाज की बैठक राजगढ़ स्थित साहू धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसमें कमलेश साहू को सर्वसम्मति से साहू समाज का नगर अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित किया गया. समाज के जिला अध्यक्ष रामनारायण साहू की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई, इंदरसिंह साहू ने कमलेश साहू के नाम का प्रस्ताव रखा. उपस्थित सभी ने एकमत से इसका समर्थन किया. नगर अध्यक्ष को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा बधाई और शुभकामनाएं दी. नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे समाज की एकता और विकास के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे. शिक्षा को बढ़ावा देने, युवाओं को आगे लाने तथा सामाजिक गतिविधियों को मजबूत करने के लिए मिलकर कार्य किया जाएगा.

# बगैर मुंडेर के कुएं में डूबा बालक

## खिलचीपुर क्षेत्र के ग्राम बोरदा के यहां हुई घटना में बालक का प्राणांत

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 07 मार्च, सं. खिलचीपुर थानांतर्गत ग्राम बोरदा के समीप शनिवार सुबह हुई एक घटना में बगैर मुंडेर के कुएं में एक 13 वर्षीय बालक डूब गया. घटना में बालक का दु:खद प्राणांत हो गया.**

पुलिस के अनुसार घटना के समय बालक, बकरियां चराने गया हुआ था जो कि बगैर मुंडेर के कुएं में गिर गया. ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद बालक को कुएं से बाहर निकाला और गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया. घटना से गांव में शोक का माहौल व्याप्त हो गया. बालक पंकज वर्मा उम्र 13 वर्ष है, बालक के पिता गोपीलाल वर्मा खिलचीपुर स्थित एसबीआई बैंक में गार्ड के रूप में कार्यरत है. ग्रामीणों के अनुसार बालक शनिवार सुबह करीब 8.30 बजे गांव के पास खेतों की ओर बकरियां चराने गया हुआ था. बताया जा रहा है कि बकरियां चराते समय उसे प्यास लगी और वह कुएं के पास पहुंचा तभी एकाएक पैर फिसलने से वह कुएं में जा गिरा.



### परिवार का बड़ा बेटा था पंकज

बालक पंकज के पिता गोपीलाल वर्मा अपने बड़े बेटे की मौत की खबर सुनते ही फूट-फूटकर रो पड़े. उनके दो बेटे हैं, जिनमें पंकज बड़ा था. बताया जाता है कि 28 जनवरी को उसका जन्मदिन पूरे परिवार के साथ मनाया था. घटना की जानकारी मिलते ही खिलचीपुर थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की. इस हादसे से पूरे गांव में गहरा शोक छा गया.





### जानकारी लगते ही बचाव के लिए दौड़ पड़े ग्रामीण

बताया जाता है कि कुएं में गिरते ही बालक जोर-जोर से मदद के लिए चिल्लाया. इसी दौरान वहां से गुजर रहे एक बाइक सवार ने बच्चे की आवाज सुनी और उसने तुरंत ग्रामीणों को इसकी सूचना दी. यह सुनते ही ग्रामीणजन मौके पर पहुंचे तथा कुएं में उतरकर बच्चे की तलाश शुरू कर दी. काफी मशक्कत के बाद बालक को कुएं से बाहर निकाला. उस समय वह बेसुध हालत में था. जिसे तुरंत खिलचीपुर अस्पाताल लेकर पहुंचे. जहां डॉक्टरों ने बालक को बचाने के लिए सीपीआर सहित कई प्रयास किए, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी और डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

### फाग उत्सव व पारंपरिक गेर आज

**राजगढ़ 07 मार्च, का.** रंगपंचमी पर आज नगर में राजमहल प्रांगण में फाग उत्सव के साथ भव्य सांस्कृतिक रंगोत्सव का आयोजन किया जाएगा. भगवान लक्ष्मीकांत मंदिर से पारंपरिक गेर निकलेगी. हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में आयोजित फाग महोत्सव कार्यक्रम में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से ब्रज और मालवा की होली की परंपराओं को जीवंत करेंगे. कार्यक्रम में राजस्थान, मथुरा, छिंदवाड़ा और भोपाल से आए करीब 30 कलाकार भाग लेंगे. कृष्ण लीला और ब्रज की पारंपरिक होली की आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएंगी. विशेष आकर्षण के रूप में लठमार होली की प्रस्तुति दी जाएगी. सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समापन के बाद शहर में पारंपरिक गेर निकाली जाएगी. गेर में बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होकर रंग-गुलाल के रंगपंचमी का पर्व मनाएंगे. पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुनों के साथ गेर निकाली जाएगी. हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष हर्षान्त इंग्ले ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है. उन्होंने कहा कि यह सांस्कृतिक रंगोत्सव शहर की परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इसमें बाहरी कलाकारों के साथ स्थानीय लोगों की भागीदारी विशेष बनाएगी.



# खांसी, बुखार और जुकाम की चपेट में आ रहे बच्चे

## मौसम के बदलाव के चलते ओपीडी में बड़ी संख्या

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 07 मार्च, सं. मौसम में तेजी से हो रहे बदलाव का सीधा असर बच्चों की सेहत पर देखने को मिल रहा है. दिन में कभी तेज धूप तो कभी बादल और सुबह ठंडक का माहौल बन रहा है. वहीं सुबह और शाम के समय तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव दर्ज किया जा रहा है. इस बदलाव भरे मौसम के कारण बच्चों में वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है.**

सिविल अस्पताल की ओपीडी में रोजाना बड़ी संख्या में बच्चे उपचार के लिए पहुंच रहे हैं. अस्पताल के डॉक्टर का कहना है कि सुबह और शाम की ओपीडी में 200 से अधिक बच्चे खांसी, बुखार और जुकाम की शिकायत लेकर आ रहे हैं. बदलते मौसम के कारण बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर पड़ जाती है. जिससे वे जल्दी संक्रमण की चपेट में आ जाते हैं.

बच्चों की देखभाल करना जरूरी

चिकित्सक डॉ. अंकित यादव ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों की विशेष देखभाल करना जरूरी है. अभिभावकों को बच्चों को सुबह और शाम के समय पूरी बाजू के कपड़े पहनाएं. छोटे बच्चों को दूध पिलाने से पहले बोतल को कम से कम पांच मिनट तक उबालकर साफ करना जरूरी है. जिससे संक्रमण का खतरा कम हो सके. उन्होंने यह भी सलाह दी कि बच्चों को ठंडे पानी में खेलने न दें और उन्हें ठंडी चीजें खाने से बचाएं. इसके बजाय बच्चों को गुनगुना दूध और ताजा व पौष्टिक आहार दें. जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहे.

### अस्पताल में पहुंच रहे बड़ी संख्या में मरीज

सिविल अस्पताल की ओपीडी में रोजाना 500 से अधिक मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं. इनमें बड़ी संख्या खांसी, जुकाम, बुखार और सांस संबंधी बीमारियों से पीडित लोगों की है. डाक्टर का कहना है कि मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण श्वसन संबंधी बीमारियों में तेजी आई है. उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी है कि यदि पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में तेज सांस चलना, घरघराहट, लगातार बुखार या सुस्ती जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डाक्टर से संपर्क करें. मौसम बदलने के इस दौर में थोड़ी सी लापरवाही भी बच्चों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है.



# बहुप्रतीक्षित सीसी रोड का कार्य होगा शुरू

## मंडी गेट से शुजालपुर नाके तक 20 करोड़ से बनना है सीसी रोड

नवभारत न्यूज

**पचोर 07 मार्च, सं. बहुप्रतीक्षित पचोर में कृषि मंडी गेट से शुजालपुर नाका तक मार्ग का चौड़ीकरण होकर सीसी रोड बनना है. जिसका निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ होगा. निर्माण अवधि के दौरान इस मार्ग पर से आवागमन को प्रतिबंधित करते हुए अन्यत्र मार्गो से वाहनों की आवाजाही होगी.**

नपं द्वारा इस मार्ग पर यातायात प्रतिबंधित कर अन्यत्र मार्ग से आवागमन हेतु सूचना जारी की है. निर्माण होने के दौरान इस मार्ग के यातायात को डायवर्ट करते हुए बस स्टेण्ड से मंडी गेट, शिवालय, बायपास, मेला ग्राउण्ड, शुजालपुर नाका से गांधी चौक, पुराना बस स्टेण्ड होते हुए नया बस स्टेण्ड वाले मार्ग का उपयोग एकांकी मार्ग के लिए किया जाएगा. जबकि मंडी गेट से गांधी चौक होते हुए शुजालपुर नाका वाले मार्ग पर आवागमन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा.

नगर में एवं बस स्टेण्ड पर आने-जाने वाले वाहन शुजालपुर नाका से पानिया रोड, बायपास का उपयोग कर शिवालय मंदिर के सामने से मंडी गेट वाले मार्ग अथवा राष्ट्रीय राजमार्ग आने-जाने वाले वाहन बाहरी बायपास पानिया रोड से रेलवे स्टेशन के सामने निकलने वाले मार्ग का उपयोग कर सकेंगे ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो.

# उत्कर्ष सामाजिक सेवा देने वाली महिलाओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 07 मार्च, का.** महिला दिवस के उपलक्ष में सर्व ब्राह्मण समाज महिला संगठन के द्वारा संस्कृति होटल में एक सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया. जिसमें ब्राह्मण समाज की महिलाओं द्वारा नगर में श्रेष्ठ तथा उत्कर्ष सामाजिक सेवा प्रदान करने वाली महिलाओं का सम्मान रखा गया. कार्यक्रम में प्रेम प्रगति विद्यालय में अपनी सेवाएं दे रही श्रीमती ज्योति आप्टे, सरोज कदाबा एवं ममता शर्मा को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर ब्राह्मण समाज संगठन की वरिष्ठ सदस्या श्रीमती भारती दुबे ने कहा कि महिलाएं शक्ति तथा समर्पण का संगम होती हैं. जो अपने प्रयासों से सामाजिक बुराइयों को दूर कर समाज में संस्कार स्थापित कर सकती हैं. अंत में श्रीमती शांति शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सृष्टि पाण्डे ने किया.



### दो पक्षों में विवाद

**सुठालिया 07 मार्च, सं.** सुठालिया समीपवर्ती ग्राम रायपुरिया में शुक्रवार रात्रि में एक युवक द्वारा विवाहिता को भगा के ले जाने की घटना पर दो पक्षों में विवाद हो गया. विवाहिता के परिजनों ने युवक के परिजनों पर हमला बोल दिया. जिस पर पिता पुत्र सहित चार घायल हो गए. जिन्हें सुठालिया उपचार के पश्चात राजगढ़ रेफर किया गया. प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी तुफान पिता मौरसिंह राजपूत उम्र 60 वर्ष की रिपोर्ट पर आरोपी जसवंत प्रद्युमन, दोलत, कमल, समंदर, रामराज लोधी पर पुलिस ने बलवा मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है. पुलिस युवक व विवाहिता की सरगर्मी से तलाश कर रही है.

# विकास कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नही

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 07 मार्च, का. जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ( दिशा ) की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई. बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए.**



बैठक में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, विधायक हजारीलाल दांगी, मोहन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सोंधिया सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे. बैठक में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद रहे.

बैठक में एजेंडा अनुसार विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा की गई। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत निर्माणाधीन एवं पूर्ण सड़कों की प्रगति पर चर्चा करते हुए कार्यों को निर्धारित गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान एवं उच्च शिक्षा विभाग की गतिविधियों की भी समीक्षा की गई.

राष्ट्रीय जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित हर घर जल अभियान की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की गई.

# 90 किमी दूर से मंडी में धनिया लेकर आ रहे किसान

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 07 मार्च, का. हालांकि पूर्व के वर्षो की तुलना में क्षेत्र में धनिया की फसल का रकबा काफी कम हो चला है, अब धनिया की जो भी आवक होती है उसमें भी दूर-दराज अन्य जिले से भी बड़ी संख्या में किसान स्थानीय कृषि मंडी में धनिया की उपज लेकर आते है, स्थानीय मंडी में अच्छे भाव एवं बेहतर वातावरण के चलते 90 किमी दूर तक से किसान धनिया लेकर यहां आ रहे है.**

भाव, सुविधा और सुगमता के साथ भुगतान होने आदि कारणों के चलते स्थानीय कृषि मंडी पहली प्राथमिकता होती है, शनिवार को मंडी में लगभग 90 किमी दूर शाजापुर जिले तक से किसान धनिया उपज लेकर आये.

गौरतलब है कि विगत कुछ वर्षो से स्थानीय कृषि मंडी में धनिया का रकबा कम होने से आवक कमजोर होती जा रही है. यहां धनिया की जो आवक हो रही है उसमें भी दूर-दराज क्षेत्र से आने वाले किसानों की संख्या अच्छी खासी रहती है, ब्यावरा मंडी में अच्छे दाम, सुविधा और जल्द भुगतान होने के चलते किसानों की पहली प्राथमिकता ब्यावरा मंडी देखी जा रही है. शाजापुर जिले के ग्राम रिछड़ी, खोखरा, खरदौन, कालापीपल आदि स्थानों से किसान धनिया उपज लेकर आते है. दूर दराज से आये किसानों का कहना है कि यहां सुगमता के साथ उपज की नीलामी हो जाती है और भुगतान भी तुरंत हो जाता है. यहां की सुविधा और व्यवस्था भी किसानों को खींच लाती है. स्थानीय मंडी में करीब 90 किमी दूर लटेरी के समीप आनंदपुर, परवलिया तक से किसान धनिया लेकर आते है.

**अन्य जगह की तुलना में तेज भाव-** ब्यावरा कृषि मंडी में अन्य स्थानों की तुलना में धनिया के तेज भाव देखे जा रहे है. 6 मार्च को मंडी में धनिए की आवक 1830 क्विंटल रही, न्यूनतम भाव 4350 रुपये तथा उच्चतम भाव 15000 रुपये प्रति क्विंटल रहे. जबकि 7 मार्च को आवक 1682 क्विंटल तथा न्यूनतम भाव 2000 एवं उच्चतम भाव 12200 रुपये प्रति क्विंटल रहे.


